# दिल्ली के आंदोलन की आंच से झुलस रहा बच्चों का भविष्य

## नीट विवाद पर छात्रों ने दी खुलकर प्रतिक्रिया, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जुलाई. देश मे युवाओ को आह्वान कर चल रहे आंदोलन की आंच से जिले की युवा शक्ति भी अछूती नही है. छात्रों ने खुलकर राय जाहिर करते हुए कहा कि सरकारें शिक्षा और रोजगार के मामले में गम्भीर नही है. देश के भविष्य के साथ कॉकरोच जैसा व्यवहार किया जा रहा है. भविष्य में मंडरा रहे अंधकार में इस आंदोलन में रोशनी की किरण दिखाई दी है. अब इसे बूझने नही दिया जाएगा.**


नीट यूजी परीक्षा में हुई कथित धांधली और पेपर लीक विवाद की आँच अब विंध्य क्षेत्र के प्रमुख केंद्र सतना तक पहुँच गई है. दिल्ली के जंतर-मंतर पर बीते एक महीने से चल रहा छात्रों का धरना अब एक बड़े देशव्यापी आंदोलन का रूप ले चुका है. इसी कड़ी में सतना शहर के प्रतियोगी छात्रों और जेन जेड अभ्यर्थियों का गुस्सा स्पष्ट नजर आ रहा है.



छात्रों ने सिस्टम की नाकामियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अपना दर्द बयां किया. अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने तीन साल तक कमरे में बंद होकर नीट की जी-तोड़ तैयारी की, लेकिन पेपर लीक और धांधली की वजह से आज उन्हें मजबूरन बीएससी में दाखिला लेना पड़ा. छात्रों का साफ कहना है अगर परीक्षा निष्पक्ष होती, तो आज हम मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर बनने की पढ़ाई कर रहे होते. सिस्टम के भ्रष्टाचार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की नाकामी का खामियाजा हमारे जैसे लाखो होनहार छात्रों को अपना सपना तोड़कर भुगतना पड़ रहा है.

जिस सिस्टम के कंधों पर हमारे भविष्य की चुनौतियों को हल करने का जिम्मा है. वही हमारे साथ खिलवाड़ कर रहा है. किसी प्रकार की गड़बड़ी की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नही है. सारी कार्यवाहियाँ दिखावे तक सीमित है. हर प्रतियोगी परीक्षा में जो हो रहा है वह किसी से छिपा नही है. अपात्रो को दूसरे रास्ते से मौका मिल रहा है. पात्र निराश होकर गलत रास्ता ढूढ रहे हैं. अब तक दर्जनों हम जैसे की बलि चढ़ चुकी है. अब जब तक यह सब बन्द नही होगा तब तक हम शांत नही बैठेंगे.

### पुलिस ने कार्यवाही कर भड़काया : वरुण



वरुण सिंह ने कहा कि युवाओं ने अपनी मांगों और हितों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी, लेकिन प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने से कई छात्रों को चोटें आईं। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल होगी और युवाओं का मनोबल बढ़ेगा।

### परीक्षा एजेंसी की साख खत्म : शिव



शिव द्विवेदी ने कहा कि जिस तरह से एक ही सेंटर के कई छात्र टॉपर बन गए और संदिग्ध ग्रेस मार्क्स बाँटे गए, उसने परीक्षा एजेंसी की साख को पूरी तरह खत्म कर दिया है. अब इस लाचार व्यवस्था पर देश के युवाओं को ज़रा भी भरोसा नहीं रहा.

### मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए : शिवम



शिवम प्रजापति ने नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हैं .छात्रों के सुरक्षित भविष्य के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे. मांगें पूरी न होने पर हम भी सतना से दिल्ली के जंतर-मंतर जाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे

### तीन साल की तैयारी अब बीएससी : धनेश



धनेश कुशवाहा ने कहा कि मैंने 3 साल नीट एग्जाम की तैयारी की, लेकिन आज मैं बहुत आहत होकर बीएससी कर रहा हूँ. जिस तरह से एग्जाम लीक हुआ, अगर निष्पक्षता होती तो मेरा भी एग्जाम क्लीयर हो गया होता.

### सरकार का युवाओं की ओर ध्यान नहीं : सुभाष




सुभाष मिश्रा ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की समस्याओं और उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार युवाओं की बातों और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने तथा उनकी कुछ मांगों पर भी विचार करे, तो इससे छात्रों और युवाओं में सकारात्मक संदेश जाएगा।

### देश के 24 लाख भविष्य का सवाल :सचिन



सचिन द्विवेदी ने कहा कि यह सिर्फ सतना या दिल्ली का मुद्दा नहीं है, बल्कि देश के 24 लाख युवाओं के भविष्य का सवाल है .जंतर-मंतर से शुरू हुई यह चिंगारी अब देश के हर शहर तक पहुँचेगी. तभी छात्रों के साथ किए जा रहे अन्याय की समाप्ति होगी.

### दिल्ली जाकर आंदोलन में सहयोग करेंगे : मोहित



मोहित कुशवाहा ने कहा कि हम छात्र सतना से दिल्ली जाएँगे और उग्र आंदोलन करेंगे .हमें शिक्षा मंत्री का इस्तीफ़ा चाहिए. इसके साथ ही धांधली से तंग आकर जिन छात्रों ने आत्महत्या की है, उनके परिवारों को सरकार तुरंत आर्थिक मदद प्रदान करे.

### युवाओं को भ्रमित किया जा रहा : संगम



संगम गुप्ता ने कहा कि युवाओं में बढ़ती असंतोष की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा परिस्थितियों में देश के युवाओं को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आंदोलनरत छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित निर्णय लेने की अपील की।

### इस्तीफा हो तक जारी रहे आंदोलन : आयुष



आयुष कुशवाहा ने कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के वीडियो की निष्पक्ष जांच कर संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए।

# मानव तस्करी की आशंका पर ट्रेन की हुई सघन जांच

## आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने हर डिब्बे में ली तलाशी

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जुलाई. मानव तस्करी की आशंका के चलते गुरुवार सुबह सतना रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर नजर आई। जीआरपी कंट्रोल रूम से मिले अलर्ट के बाद दरभंगा से अहमदाबाद जा रही ट्रेन के सतना पहुंचते ही रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया।**

इस दौरान ट्रेन को करीब 10 मिनट तक प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर रोककर कई कोचों की बारीकी से तलाशी ली गई। कंट्रोल रूम से मानव तस्करी की आशंका संबंधी सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम सक्रिय हो गई। ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही 4 से 5 कोचों की गहन जांच की गई। पुलिस ने यात्रियों से पूछताछ की और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। जांच के दौरान पुलिस को ट्रेन में कई नाबालिग बच्चे मिले। कुछ बच्चे अपने अभिभावकों के साथ यात्रा कर रहे थे, जबकि कुछ अकेले सफर कर रहे थे। पुलिस ने सभी बच्चों से पूछताछ की, उनके साथ मौजूद लोगों की जानकारी ली और परिजनों के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर यात्रा संबंधी जानकारी का सत्यापन किया। पूछताछ और दस्तावेजों के सत्यापन में सामने आया कि सभी बच्चे छुट्टियां बिताने के बाद अहमदाबाद स्थित मदरसे में पढ़ाई के लिए लौट रहे थे। पहचान और दस्तावेज पूरी तरह सही पाए जाने के बाद स्पष्ट हो गया कि मामला मानव तस्करी से जुड़ा नहीं है।



### वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट

जांच पूरी होने के बाद ट्रेन को उसके निर्धारित गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। जीआरपी थाना प्रभारी राजेश राज ने बताया कि कंट्रोल रूम से मिले अलर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी। सभी बच्चों और उनके साथ यात्रा कर रहे लोगों के दस्तावेजों एवं पहचान का सत्यापन कर लिया गया है। जांच में कोई संदिग्ध गतिविधि या मानव तस्करी से जुड़े तथ्य सामने नहीं आए। कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है।

# बाड़े में घुसकर तेंदुए ने किया हमला, 8 बकरियों की मौत

नवभारत न्यूज

**सतना 23 जुलाई. जिले के कोठी और बरौंधा क्षेत्र में वन्य प्राणियों के हमले की घटना की दहशत से लोग उबर भी नहीं पाए थे कि इसी तरह की एक और घटना सामने आ गई. चित्रकूट वल परिक्षेत्र अंतर्गत सांडा गांव में एक बाड़े में घुसकर हमला करते हुए तेंदुए ने 8 बकरियों को मार डाला.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार चित्रकूट वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांडा के निवासी दद्दू उर्फ जवाहर लाल यादव खेती किसानी के साथ बकरियों को पालने का कार्य भी करते हैं. बकरियों को लिए उन्होंने घर से कुछ दूरी पर एक बाड़ा बना रखा है. बताया गया कि दिन भर चराने के बाद बुधवार की शाम बाड़े में बकरियों को बंद कर दिया गया था. संभवत: देर रात तेंदुए ने बाड़े पर धावा बोल दिया. बाड़े में घुसक तेंदुए ने एक एक करके वहां पर मौजूद 8 बकरियों को मार डाला. सुबह उठने पर ग्रामीणों की नजर जब बाड़े की ओर गई तो वहां का दृश्य देखकर लोगों के बीच हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलने पर रेंजर अभिषेक मिश्रा वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे. पड़ताल करने पर रेंजर द्वारा उक्त घटना के पीछे तेंदुए के होने की पुष्टि भी कर दी गई. जिसे देखते हुए ग्रामीणों के बीच दहशत फैल गई. गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र में घुसकर तेंदुए द्वारा हमला किए जाने की महीने भर में यी तीसरी घटना है. इससे पहले जिले के कोठी वन क्षेत्र के शिवसागर गांव और उसके बाद मौहार गांव में तेंदुए द्वारा भेड़-बकरियों को निशाना बनाया जा चुका है. इसके साथ ही सरभंगा क्षेत्र के जंगल में बाघ द्वारा एक चरवाहे पर भी हमला कर दिया गया था.

# इंडस्ट्रियल एरिया में तीन घंटे गुल रही बिजली

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जुलाई. रीवा रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र ( इंडस्ट्रियल एरिया ) में गुरुवार को फिर से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।**



क्षेत्र में लगातार तीन घंटे तक बिजली गुल रहने से उद्योगपतियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. एक तरफ जहाँ अंधेरे, उमस भरी गर्मी और मच्छरों के हमले से लोग बेहाल दिखे, वहीं दूसरी ओर उत्पादन ठप्प होने से काम-काज भी बुरी तरह प्रभावित हुआ. स्थानीय लोगों और उद्यमियों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है. यहाँ दिन भर में कई बार फाल्ट होना और दिन-रात रुक-रुक कर बिजली गुल होना अब आम बात बन चुकी है.

# सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन

## युवाओं ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की, किया प्रदर्शन




नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जुलाई. शहर में गुरुवार शाम सोनम वांगचुक के समर्थन में युवाओं और विभिन्न छात्र संगठनों का गुस्सा सड़कों पर देखने को मिला.**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में छात्र-छात्राओं, अधिवक्ताओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने मिलकर सिविल लाइन चौराहे से सर्किट हाउस होते हुए सेमरिया चौक तक एक शांतिपूर्ण रैली निकाली. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही कथित धांधली और पेपर लीक के मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. युवाओं का आरोप था कि शिक्षा मंत्रालय लगातार हो रही इन धांधलियों को रोकने में नाकाम रहा है, जिससे करोड़ों छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा है. प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तुरंत इस्तीफे की मांग की और सोनम वांगचुक को हिरासत में लिए जाने का कड़ा विरोध जताया. युवा प्रतिनिधि कुमार संत और आर्यन तिवारी ने साफ कहा कि जब तक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय नहीं होती, तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है.

### साथियों की पिटाई से नाराज हुए स्थानीय छात्र

जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे रामा कृष्णा कॉलेज के दर्जनों छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया इस घटना के बाद मौके पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई है और कई छात्र चोटिल होने हो गए.




# महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जुलाई . देश की आजादी के महानायक, महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर आज सतना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।**

प्रवक्ता अमित गोयल ने बताया कि यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री सईद अहमद रहे, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी सतना (शहर) के अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने की। पूर्व मंत्री सईद अहमद ने शहीद आजाद को नमन करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने जो सर्वोच्च बलिदान दिया, उसका स्मरण आज भी हर हिंदुस्तानी के मन में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाता है। शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने उन्हें याद करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद जी ने गुलामी की बेड़ियों को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने दासता के स्थान पर देश के लिए बलिदान का मार्ग चुना। जिला कांग्रेस कमेटी उनके इस बलिदान को नमन करती है। प्रदेश कांग्रेस सचिव राजभान सिंह ने इस अवसर पर क्रांतिकारियों के सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भी पूरा हिंदुस्तान देश के अमर शहीद के दिखाए मार्ग और सिद्धांतों पर चल रहा है।

कार्यक्रम का कुशल संचालन धवारी ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र निगम ने किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मुख्य रूप से कमलेश सिंह, शिव कुमारी कुशवाहा, निशा सिंह, सीमा बागरी, लक्ष्मी सोनी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नीट पेपर मामले पर सरकार चर्चा को तैयार : गणेश

**सतना, 23 जुलाई.** संसद के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को संसद भवन के मकर द्वार पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सतना सांसद गणेश सिंह सहित कई सांसदों ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया।

# चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर युवा मोर्चा ने आयोजित की संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जुलाई. अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद जी की 120 में जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा डिग्री कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया !**




भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे के मुख्य आतिथ्य में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौभाग्य केशरी के सांयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में अमर शहीद चंद्रशेखर की शहादत को याद करके उनको नमन किया गया ! इस दौरान कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें फलदार वृक्ष रोपे गए ! भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे ने पं चंद्रशेखर आजाद को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताते हुए कहा कि उन्होंने मरते दम तक अंग्रेजों से लोहा लिया और जब उन्हें लगा कि अब अंग्रेजी हुकूमत उन्हें गिरफ्तार कर लेगी तो उन्होंने स्वयं को गोली मारकर खुद शहीद हो गए ! अपने जीवित अवस्था मे उन्होंने अंग्रेजों को स्पर्श नही करने दिया ! उनकी शहादत देश के हर युवा और हर नागरिक को यह प्रेरणा देती है कि हमारे लिए देश से ब? कर कुछ भी नहीं ! कार्यक्रम के दौरान युवा मोर्चा के मन की बात के प्रदेस प्रभारी ध्रुव सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प की वहां पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं युवा मोर्चा के साथियों एवं पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई एवं आभार व्यक्त किया गया.

## एक नजर में



### एमएन मिश्रा ने पॉलीटेक्निक के प्राचार्य का पदभार संभाला


**सतना,** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्त मुक्ति नाथ मिश्रा ने गुरुवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सतना के प्राचार्य पद का कार्यभार विधिवत ग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही उन्हें सतना, पन्ना एवं पवई पॉलिटेक्निक का आहरण संवितरण अधिकारी भी बनाया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद महाविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री मिश्रा का आत्मीय स्वागत किया गया।

### संजय नगर अध्यक्ष और राजीव जिला प्रभारी बने



**सतना।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संगठन विस्तार के तहत जिला सतना में महत्वपूर्ण नियुक्तियां जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल (चांदी) की अनुशंसा पर की गई हैं। जिसमें राजीव गुप्ता (केसरी ट्रेडर्स, पन्नीलाल चौक, सतना) को जिला प्रभारी तथा संजय गुप्ता (माधवगढ़, सतना) को नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

### एकेएस का प्लेसमेंट में बड़ा रिकॉर्ड



**सतना।** विंध्य अंचल में तकनीकी शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एकेएस विश्वविद्यालय ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्वविद्यालय के वर्ष 2026 के बी.टेक. एवं डिप्लोमा (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) के विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट हासिल कर विश्वविद्यालय को नई पहचान दिलाई है। इस वर्ष 164 से अधिक विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक, ऊर्जा, सीमेंट, खनन, विनिर्माण एवं अवसंरचना क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उद्योगोन्मुखी शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और कौशल विकास आधारित शिक्षण व्यवस्था की सफलता का प्रमाण मानी जा रही है।

### बोनान्जा की अवंतिका का शॉर्ट टैंक स्पीड स्केटिंग में चयन



**सतना।** बोनान्ज़ा का0 हा0 से0 स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा अवंतिका सि ंह का अ ंतराष्ट्रीय एशियन ओपन शार्ट टैंक स्पीड स्केटिंग टॉफी 2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर दिलीप अरोरा, चेयरमैन गौरव अरोरा, प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव एवं समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रा अवन्तिका सि ंह व उसक` माता-पिता को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अग्रिम बधाई दी.